
# MyAlerts Mobile App launched

## NIC Ashoknagar (M.P.)

"MyAlerts" Mobile App was designed and developed under District Governance Mobile Challenge (DGMC) by DIO, Ashoknagar and was launched on 18th March 2021 by Shri Abhay Varma, IAS, Collector & District Magistrate, Ashoknagar in the presence of Shri Anuj Rohtagi, Additional Collector, Dy. Collector, District Officers, and other officials.







MyAlerts mobile App usage of local notification with alarm to display a reminder for official activities i.e. VC, meeting, and training & enter notes in the App during activities. Users can also share activity details and notes with others via social media.

This App based on a personal productivity solution is a G2E App. It can be used by district administration or the head of any office/ department or team members to manage the schedules of their activities. It allows the users to register the schedule of important events and activities that include Video conferencing meetings, meetings, training. They will get the reminders, alerts on their app.


Users can share the reminder via social media i.e. WhatsApp, Gmail, SMS, etc. Users can choose the desired color theme just tap on the color theme icon. Users can erase any reminder and the also app has a feature to erases all old reminders automatically on the next day. The App is bilingual and working fine in both Hindi and English. Users can also enter shorts notes during VC and meetings etc. It will help them to plan and manage their schedule prepare for the meeting/activity accordingly. The events, schedules may also be shared with colleagues using WhatsApp or any other social media.






- Homepage Reminder list:
  - o Homepage containing all the registered Reminders
- Shared preference data storage:
  - o Storing reminder objects in shared preference
  - o Reminder list retrieval upon application launch
- Adding new reminder details include:
  - o Reminder details
  - o Duration
  - o Reminder type selection (Optional) (i.e. VC Meeting Training and Others etc)
  - o Reminder interval selection
  - o Select date using Date Picker
  - o Starting time using Time Picker
- Notification reminding:
  - o Usage of Local Notifications to display reminders
  - o Randomly-generated IDs for each notification
  - o It gives reminder notifications with alarm at a selected interval and on activity start time based on user preference.
- Registration error checking:
  - o Name duplication check
  - o Empty/not specified fields check
  - o Reminder type is optional
- Individual reminder detail page:
  - o In-depth details about each reminder upon tapping
- Share
  - o Share a registered reminder details via social media i.e. WhatsApp, Gmail, SMS etc.
- My Notes
  - o The user can save or delete notes date wise under 'My Notes'.
- Color Theme
  - o Users can choose the desired color theme.
  - o The app will then be available in the selected color theme.
- Bilingual
  - o Users can choose the desired language through the language icon.
  - o The app will then be available in the selected language English or Hindi.
- Delete a reminder:
  - o Erase the specified reminder object from shared preference and list
  - o Erase corresponding scheduled notifications
  - o Erase all old reminders automatically on the next day.


**Platform – Flutter, Provider and BLoC pattern.**

**Screenshots of MyAlerts App**






## News Clips

### केन्द्र द्वारा बनाया गया एप, कलेक्टर ने किया शुभारंभ

# एप से मिल जाया करेगी वीडियो कॉन्फ्रेंस मीटिंग की अलर्ट

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**अशोकनगर.** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा विकसित मोबाईल ऐप माय अर्लट लॉन्च किया है। जिसका शुभारंभ कलेक्टर अभय वर्मा द्वारा किया गया। कलेक्टर ने बताया कि यह ऐप सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा।




**अशोकनगर.** एप लॉन्च के दौरान उपस्थित कलेक्टर व अधिकारी

ऐप द्वारा समय-समय पर वीडियों कान्फ्रेंस एवं मीटिंग आदि की अलर्ट मिल जाया करेगा जिससे व्यस्तम कार्य के दौरान कार्यालय में दैनिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन हो सकेगा। साथ ही गतिविधियों के दौरान नोट्स आदि भी इस एप के माध्यम से मोबाईल में स्टोर कर सकते हैं। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एसके जैन ने बताया कि यह ऐप देशभर के समस्त कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपयोग किया जा सकेगा साथ ही यह ऐप शीघ्र ही गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा।

### वीडियो कान्फ्रेंस, मीटिंग प्रशिक्षण होंगे रजिस्टर्ड

डीआईओ एसके जैन ने बताया कि एप के माध्यम से अधिकारी दैनिक वीडियो कान्फ्रेंस, मीटिंग, प्रशिक्षण आदि को रजिस्टर्ड कर सकते हैं इसके द्वारा गतिविधि के पूर्व निर्धारित इंटरवल एवं गतिविधि के प्रारंभ में मोबाईल पर नोटिफिकेशन एवं अलार्म आयेगा। गतिविधियों के दौरान नोटस आदि भी ऐप पर स्टोर कर सकते है एवं गतिविधियों की जानकारी भी अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को व्हाटसएप, ई.मेल एवं एसएमएस आदि द्वारा शेयर कर सकते है। इस ऐप को मोबाईल में इंस्टॉल करने के बाद एक क्लिक पर पसंद की अलग-अलग कलर की थीम एवं भाषा पर सेट किया जा सकता है तथा आसानी से कलर थीम को बदला भी जा सकता है। ऐप में विस्तृत रूप से हेल्प, मुख्य फीचर एवं अन्य जानकारी भी दी गई है एवं प्रोमोशनल वीडियो के माध्यम से ऐप के फीचर को सरलीकृत रूप में दिखाया गया है।

### ..डिजिटल गवर्नेंस "माय अलर्ट" मोबाइल एप का विधिवत लॉन्च

-

*अशोकनगर | 22-मार्च-2021*

0




राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र अशोकनगर द्वारा विकसित मोबाईल ऐप "माय अलर्ट"का कलेक्टर श्री अभय वर्मा द्वारा विधिवत लॉच किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा बताया गया कि यह ऐप सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। इस ऐप द्वारा समय-समय पर वीडियों कान्फ्रेंस एवं मीटिंग आदि की अलर्ट मिल जायेगा। जिससे व्यस्तम कार्य के दौरान कार्यालय में दैनिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन हो सकेगा। साथ ही गतिविधियों के दौरान नोट्स आदि भी इस ऐप के माध्यम से मोबाईल में स्टोर कर सकते है। इस एप की कलेक्टर द्वारा सराहना की गई।

अपर कलेक्टर श्री अनुज रोहतगी ने कहा कि इसकी सहायता से सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी कार्यालयीन दैनिक कार्यो का संचालन समय पर हो सकेगा।

जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी एस.के.जैन ने बताया कि यह ऐप समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। यह ऐप देशभर के समस्त कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपयोग किया जा सकेगा साथ ही यह ऐप शीघ्र ही गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा। श्री जैन द्वारा बताया गया कि इसके माध्यम से अधिकारीगण दैनिक वीडियो कान्फ्रेंस, मीटिंग, प्रशिक्षण आदि को रजिस्टर कर सकते हैं। इसके द्वारा गतिविधि के पूर्व निर्धारित इंटरवल एवं गतिविधि के प्रारंभ में मोबाईल पर नोटिफिकेशन (मैसेज) एवं अलार्म आयेगा।

इस प्रकार अधिकारीगण समय पर अपने कार्य को कर सकेंगे। इतना ही नही गतिविधियों के दौरान नोटस आदि भी ऐप पर स्टोर कर सकते है। साथ ही अन्य गतिविधियों की जानकारी भी अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को व्हाटसएप, ई-मेल एवं एसएमएस आदि द्वारा शेयर कर सकते है। इस ऐप को मोबाईल में इंस्टॉल करने के बाद एक क्लिक पर पसंद की अलग-अलग कलर की थीम एवं भाषा (अंग्रेजी/हिन्दी) पर सेट किया जा सकता है तथा आसानी से कलर थीम को बदला भी जा सकता है ऐप में विस्तृत रूप से हेल्प, मुख्य फीचर एवं अन्य जानकारी भी दी गई है एवं प्रोमोशनल वीडियो के माध्यम से ऐप के फीचर को सरलीकृत रूप में दिखाया गया है।..

### डिजिटल गवर्नेंस माय अलर्ट मोबाइल एप विधिवत लांच

अशोकनगर, ईएमएस। राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र अशोकनगर द्वारा विकसित मोबाईल ऐप ''माय अलर्ट'' का कलेक्टर अभय वर्मा द्वारा विधिवत लॉच किया गया।
इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा बताया गया कि यह ऐप सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। इस ऐप द्वारा समय-समय पर वीडियों कान्फ्रेंस एवं मीटिंग आदि की अलर्ट मिल जायेगा। जिससे व्यस्तम कार्य के दौरान कार्यालय में दैनिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन हो सकेगा। साथ ही गतिविधियों के दौरान नोट्स आदि भी इस ऐप के माध्यम से मोबाईल में स्टोर कर सकते है। इस एप की कलेक्टर द्वारा सराहना की गई। अपर कलेक्टर अनुज रोहतगी ने कहा कि इसकी सहायता से सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी कार्यालयीन दैनिक कार्यों का संचालन समय पर हो सकेगा। लोग परेशानी से बच सकेंगे।

**District News Portal**

+

दैनिक भास्कर अशोकनगर 23-03-2021

# शासकीय अधिकारियों के लिए एप लांच वीसी और मीटिंग का मिल जाएगा अलर्ट

**अशोकनगर** | शासकीय कर्मचारियों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र अशोकनगर ने मोबाइल का नया एप तैयार किया है। एप माय अलर्ट के नाम से तैयार यह एक अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग व मीटिंग के लिए पहले से ही अलर्ट कर देगा। सोमवार को विधिवत रूप से कलेक्टर अभय वर्मा ने इस एप को लांच कर दिया। कलेक्टर ने कहा कि यह एप सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए उपयोगी साबित होगा। वीडियो कान्फ्रेंस एवं मीटिंग आदि का अलर्ट मिलने से वे समय पर अटेंड कर लेंगे। व्यस्ततम कार्य के दौरान कार्यालय में दैनिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन हो सकेगा। साथ ही गतिविधियों के दौरान नोट्स आदि भी इस एप के माध्यम से मोबाइल में स्टोर कर सकते है। अपर कलेक्टर अनुज रोहतगी ने कहा कि इसकी सहायता से सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी कार्यालयीन दैनिक कार्यों का संचालन समय पर हो सकेगा। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी एस.के. जैन ने बताया कि यह एप देशभर के समस्त कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही यह एप शीघ्र ही गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा।




**-Surendra Kumar Jain,**
**Scientist-E & DIO, Ashoknagar (M.P.)**